# कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी चौधरी 28 को आएंगे, होगा स्वागत

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 25 दिसंबर।** कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस 28 दिसंबर को मनाया जाएगा। इस मौके पर होने वाले कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश प्रभारी विधायक हरीश चौधरी व सह प्रभारी सांसद संजना जाटव मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रदेश प्रभारी श्री चौधरी के प्रथम मुरैना नगरागमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा।

**संगठन के स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस की बैठक आयोजित**




यह निर्णय जिला कांग्रेस कमेटी की गुरूवार को संपन्न हुई जिलास्तरीय बैठक में लिया गया। इस बैठक का आयोजन मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर के चंबल कॉलोनी स्थित कार्यालय पर हुआ। बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर ने की। श्री तोमर ने बैठक में मौजूद पदाधिकारियों को प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी के आगमन से संबंधित जानकारी दी और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि प्रदेश प्रभारी श्री चौधरी 28 दिसंबर को ग्वालियर से सड़क मार्ग द्वारा मुरैना पहुंचेंगे। यहां एनएच-44 हाईवे पर राजपूत होटल के नजदीक स्थित दया बैंक्वेट हॉल में समन्वय समिति की बैठक एवं स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। बैठक में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने तय किया कि पहली बार मुरैना पधार रहे हरीश चौधरी का जोरदार भव्य स्वागत किया जाएगा। बैठक का संचालन जिला प्रवक्ता हरीश पाठक एवं आभार प्रदर्शन त्रिलोक चौधरी ने किया।

**बैठक में यह रहे उपस्थित**

भगवान सिंह तोमर, पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार, पूर्व शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा, वीरेन्द्र हर्षाना रान्सू, सुभाष सिकरवार, प्रबलप्रताप मावई, जितेन्द्र डंगस, जिला प्रवक्ता हरीश पाठक, पूर्व नपाध्यक्ष राजेश कथूरिया, रामहेत पिप्पल, रामस्वरूप माहौर, सोनू जौनवार, मनीष शर्मा, अजीत सिकरवार, विनोद शर्मा, रिंकू पचौरी, राजेन्द्र जादौन, रमेश शाक्य, रामनिवास कुशवाह, राजकुमार धाकड़, भवूती सिंह गुर्जर, प्रमोद परमार, भूपेन्द्र सिकरवार, पूरन यादव, आसिफ कुरैशी, रामनिवास कुशवाह, शैलेन्द्र शर्मा आदि बैठक में उपस्थित थे।

# जयंती पर अटलबिहारी को किया नमन



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 25 दिसंबर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को मनाई। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने बैरियर चौराहा क्षेत्र स्थित अटल प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया। जिसके बाद वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

जयंती की पूर्व संध्या पर बुधवार की शाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल प्रतिमा के समक्ष 101 दीपक प्रज्जवलित किए और रंगोली बनाकर स्व. अटलबिहारी को याद किया। जयंती के मौके पर हुए कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेंद्र तिवारी, केदार सिंह यादव, रामनरेश शर्मा, महेश मिश्र, हमीर सिंह पटेल, जिला महामंत्री सोनू परमार, सुनील जाटव, उपाध्यक्ष अरविंद सिकरवार, भावना जालौन, मधु डंडौतिया, अरुण परमार, बृजकिशोर डंडौतिया, राजेश सिकरवार, रविन्द्र मावई, सोनू शर्मा, मनोज मिश्रा, दिलीप धाकड़ सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण, देखीं व्यवसायिक गतिविधियां




**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 25 दिसंबर।** सबलगढ़ विकासखंड के अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कुल्हौली की छात्राओं ने व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत बुधवार को मुरैना स्थित जन शिक्षण संस्थान का औद्योगिक भ्रमण किया।

**मुरैना स्थित जन शिक्षण संस्थान पहुंचे कुल्हौली हाईस्कूल की छात्राएं**

विद्यार्थियों को बस द्वारा कुल्हौली से मुरैना स्थित जन शिक्षण संस्थान के लिए रवाना किया गया, बस को विद्यालय प्रबंधन द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया। औद्योगिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को जन शिक्षण संस्थान मुरैना में संचालित विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से एपेरियल ट्रेड की छात्राओं को कैंडल बनाना, सिलाई-कटिंग, डिजाइनिंग आदि की जानकारी दी गई। संस्थान के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण की प्रक्रिया, उपयोग में आने वाले संसाधन, लागत, उत्पाद की गुणवत्ता की जानकारी दी। एपेरियल ट्रेड की वोकेशनल ट्रेनर नीलम शर्मा ने छात्राओं को उत्पादों की दरों, कटिंग तकनीक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। भ्रमण के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को बताया कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण से छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होता है और भविष्य में रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के नए मार्ग प्रशस्त होते हैं।

# अंबाह नगर मंडल का स्थाई दफ्तर बनेगा, जिनेश देंगे भूमि



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, 25 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी के अंबाह नगर मंडल दफ्तर का स्थाई भवन बनेगा। इस भवन के लिए भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व नपाध्यक्ष जिनेश जैन भूमि दान करेंगे।

यह फैसला गुरूवार को अंबाह नगर मंडल की बैठक में हुआ। यह बैठक टेकचंद रोड पर हुई। बैठक में जिनेश जैन ने भूमि दान दिए जाने की घोषणा की। इस बैठक का उद्देश्य संगठनात्मक ढांचे को और

**अंबाह में भाजपा की बैठक में हुआ निर्णय, दान देने की घोषणा**

अधिक मजबूत, व्यवस्थित और प्रभावी बनाना रहा। बैठक में वरिष्ठ नेता बच्चूलाल गुप्ता के प्रस्ताव पर जिला उपाध्यक्ष जिनेश जैन ने आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा की। बैठक में कार्यालय निर्माण के लिए भाजपा नेताओं ने आर्थिक सहयोग की घोषणाएं भी कीं। जिनेश जैन ने कहा कि स्थायी कार्यालय बनने से संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलेगी। कार्यकर्ताओं को एक स्थायी केंद्र मिलेगा, जहां बैठक, प्रशिक्षण और जनसंपर्क अभियानों का संचालन किया जा सकेगा। आभार प्रदर्शन नगर मंडल अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने किया।

**जानिए, किसने की कितने आर्थिक सहयोग की घोषणा**

बच्चूलाल गुप्ता- 1 लाख, पार्षद संतोष वर्मा- 1 लाख, रामसेवक गुड़ वाले- 1 लाख रूपये, महेन्द्र भदौरिया ने भी एक लाख रूपये देने की घोषणा की। इनके अलावा कविंद्र सिंह तोमर, रमेश अग्रवाल सहित अन्य नेताओं ने भी आर्थिक सहयोग करने की बात कही।

## एक नजर में



### सुशासन शिविर में ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

**मुरैना/कैलारस, 25 दिसंबर।** ग्राम पंचायत मामचोन में हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं सेवाओं को लेकर बुधवार को सुशासन शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 13 ग्राम पंचायतों के सचिवों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता कर शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। इस शिविर में प्रशासन की ओर से ग्रामीणों की सुविधा के लिए विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई गईं थीं। जिनमें राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य, श्रम, कृषि सहित अन्य विभागों की सेवाएं प्रदान की गईं। मामचोन सरपंच लक्ष्मी विनोद धाकड़ एवं समाजसेवी मनोज धाकड़ लक्ष्मण धाकड़ द्वारा शिविर में पधारे अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पुष्पहार पहनाकर अभिनंदन किया और शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

### अटलबिहारी के जीवन से प्रेरित होकर राष्ट्रसेवा करें : जिनेश

**मुरैना/अंबाह।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की



जयंती पर गुरुवार को अंबाह के अटल पार्क में भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्व. अटलबिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया। जिसके बाद वक्ताओं ने उनके जीवन पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में नपा अंबाह के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष जिनेश जैन ने कहा कि स्व. अटलबिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व अनुकरणीय है। उनके आदर्शों और विचारों से प्रेरणा लेकर हमें देश और समाज की सेवा करनी चाहिए। बतौर मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता गजेंद्र सिंह तोमर सहित पूर्व विधायक सत्यप्रकाश सखवार, कविंद्र सिंह तोमर, श्रीकृष्ण भदौरिया, रामरूप तोमर, खुशीलाल श्रीवास ने स्व. अटलबिहारी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन बंटी चौहान एवं आभार प्रदर्शन बच्चूलाल गुप्ता ने किया। इस मौके पर सुरेन्द्र सिंह तोमर कक्का, इंदल सिंह तोमर, श्रीमती कंचन चौहान, किशोरी गुप्ता, खेमसिंह भदौरिया, विजय गुप्ता, भीम सिंह तोमर, प्रदीप शर्मा आदि उपस्थित थे।

### आमजन को योजनाओं का लाभ सुगमता से मिले : कलेक्टर

**मुरैना।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के



तहत गुरुवार को कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने सुमावली एवं बागचीनी में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम जौरा शुभम शर्मा, कार्यपालन यंत्री सिंचाई विभाग पीएस जाटव उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जांगिड़ ने शिविर में ग्रामीणजनों से प्रत्यक्ष संवाद किया और समस्या, शिकायतों एवं आवश्यकताओं को सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं की जानकारी आमजन तक सरल एवं सुगम रूप से पहुंचाई जाए।

### सीईओ ने दिमनी-बड़ागांव ने क्लस्टर कैंपों का किया निरीक्षण

**मुरैना।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत 25 दिसंबर को दिमनी, बड़ागांव और माताबसैया में लगाए गए क्लस्टर शिविरों का जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दिमनी में 45 आवेदन मिले, जिनमें से 40 का मौके पर ही निराकरण किया गया। बड़ागांव क्लस्टर में प्राप्त 25 आवेदनों में से 10 आवेदन निराकृत किए गए। माताबसैया में प्राप्त 25 आवेदनों में से 23 आवेदन मौके पर निराकृत किए गए।

# झुंडपुरा के मतदाता वोटर लिस्ट में जांच सकेंगे अपने नाम

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 25 दिसंबर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मंगलवार को झुंडपुरा के सभी मतदान केंद्रों पर निर्वाचक

**एसआईआर के बाद मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन**



नामावली का प्रकाशन किया गया। इस प्रक्रिया के तहत नागरिकों को अपने नाम की जांच करने तथा आवश्यक सुधार कराने का अवसर प्रदान किया गया है।

मतदाता सूची के प्रकाशन के अवसर पर बीएलओ, विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट तथा निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे। संयुक्त बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि आम नागरिक प्रारूप मतदाता सूची का अवलोकन कर अपने नाम की पुष्टि कर सकते हैं। मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित अथवा दोहरी प्रविष्टि वाले नामों को सूची से हटाया गया है, ताकि सूची अधिक शुद्ध एवं अद्यतन बन सके। एसडीआर सूची को सभी मतदान केंद्रों पर चस्पा किया गया है। बीएलओ अशोक गौड़ ने बताया कि मतदाता सूची निर्वाचन आयोग की वेबसाइट, पंचायत भवनों तथा नगरीय निकायों के सूचना पटलों पर भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग सूची का अवलोकन कर सकें।

# हनुमान मंदिर में दानपेटी तोड़कर 30 हजार नकदी चोरी

**मुरैना/पोरसा, 25 दिसंबर।** कस्बा पोरसा में सब्जी मंडी के पास स्थित



हनुमान मंदिर को बुधवार-गुरूवार की रात बदमाशों ने निशाना बनाया। बदमाश मंदिर के अंदर लगी दानपेटी को तोड़कर उसमें रखी करीब 30 हजार रूपये दान की राशि चुराकर ले गए। गुरूवार की सुबह पुजारी अवतारवन बाबा एवं संत महंत गिरी जब मंदिर पहुंचें, तब मंदिर का पिछला गेट उन्हें खुला मिला। अंदर जाने पर दानपेटी टूटी हुई मिली, उसमें रखी दान की राशि भी गायब थी। तब उन्होंने पोरसा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर घटना की जानकारी ली। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

# अलोपी शंकर पहाड़ी के नीचे बनेगी गौशाला, भूमि चिह्नित

**मुरैना, 25 दिसंबर।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर तहसीलदार नरेश शर्मा के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग एवं नगर परिषद कैलारस की टीम द्वारा गौशाला की भूमि के सीमांकन एवं कब्जा देने की कार्यवाही गुरूवार को संपन्न की गई।

कैलारस तहसील के अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र में गौशाला की भूमि का मामला बरसों से लंबित था। राजस्व विभाग द्वारा गुरूवार को अलोपी शंकर पहाड़ी के नीचे चिन्हित की गई दो बीघा भूमि का सीमांकन किया। जिसके बाद उक्त भूमि को नगर परिषद के सुपुर्द कर दिया गया। इस भूमि पर जल्द ही नगर परिषद कैलारस द्वारा गौवंश के संरक्षण एवं पालन को गौशाला का निर्माण कराया जाएगा। इस दौरान राजस्व टीम द्वारा अलोपीशंकर पहाड़ी के चारों ओर अवैध कब्जा करने वाले भू-माफिया के कब्जों का चिन्हांकन कर लाल निशान लगाये गये। इन सभी कब्जों को हटाने की कार्यवाही शीघ्र की जाएगी। कार्यवाही के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश जगनेरिया, राजस्व निरीक्षक, पटवारी तथा नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नन्हीं उड़ान : प्रावि सांकरा में 150 बच्चों को बांटे प्रमाण पत्र

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 25 दिसंबर।** इनोवेडिका फाउंडेशन द्वारा शिक्षा से वंचित बच्चों को विद्यालय से पुन: जोड़कर उनका शैक्षणिक,

**इनोवेडिका फाउंडेशन द्वारा गुरूवार को किया गया आयोजन**



मानसिक और सामाजिक विकास सुनिश्चित करने नन्हीं उड़ान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत गुरूवार को जौरा ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक विद्यालय सांकरा में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें 150 बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम में बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया और उन्हें गुड टच-बैड टच सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। खेलकूद गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना एवं आत्मविश्वास विकसित करने पर जोर दिया गया। यहां बताना होगा कि इनोवेडिका फाउंडेशन द्वारा नन्ही उड़ान कार्यक्रम राजस्थान, हरियाणा, बिहार, मध्यप्रदेश एवं ओडिशा के चयनित जिलों में चलाया जा रहा है।

कार्यक्रम समन्वयक पैलोन जॉन विगत 10 महीनों से जौरा क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे हैं। सांकरा में हुए कार्यक्रम में फाउंडेशन के राष्ट्रीय समन्वयक नारायण सिंह, सरपंच महेन्द्र कुमार, फूल सिंह बतौर अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर संजय सिंह जादौन, शीतल जैन, मनीष जैन, अभिषेक जादौन, मयूर खोले सहित छात्र-छात्राएं और अभिभावकगण उपस्थित थे।



# अटल स्मृति दिवस पर भाजपा नगर मण्डल सबलगढ़ ने किया अटलजी का स्मरण

**सबलगढ़, 25 दिसम्बर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल सबलगढ़ के अध्यक्ष बसंत बंसल की अध्यक्षता में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री परम श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी के सताब्दी बर्ष पूर्ण होने पर अटल स्मृति दिवस के रुप में मनाया गया

सर्वप्रथम नव निर्वाचित मण्डल अध्यक्ष बसंत बंसल के द्वारा स्वागत भाषण के माध्यम से सभी का से भव्य स्वागत किया गया। बैठक का उद्देश्य अटलजी के राष्ट्र निर्माण में दिये गये अतुलनीय योगदान को स्मरण करना एवं उनके बिचारों को जन जन तक पहुंचाना। कार्यक्रम की शुरुआत अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर उपस्थित बरिष्ठ बक्ताओं ने क्रमश: अपने अपने विचार किये जिनमें मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र मरैया पूर्व नपा अध्यक्ष अजव सिंह सिकरवार भगवती प्रसाद सोनी आर डी सिंह जादौन जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता रावत आदि ने अटलबिहारी बाजपेयी जी के जीवन, व्यक्तित्व, एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि अटलजी भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे जिन्होंने शुसासन, राष्ट्रवाद, और लोकतांत्रिक मूल्यों को नई ऊंचाई दी। बक्ताओं ने कहा कि अटलजी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा। उन्होंने अन्त्योदय, मजबूत बिदेश निति, परमाणु शक्ति संपन्न भारत और स्वर्णिम चतुर्भुज जैसी ऐतिहासिक योजनाओं के माध्यम से देश को नई दिशा दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजेश गौड़ सिंगरौली ने किया तथा कार्यक्रम में आभार व्यक्त अरविन्द सिंह जादौन (अन्नू जादौन) के द्वारा किया गया कार्यक्रम में सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें पालक : बीआरसी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 25 दिसंबर।** जौरा ब्लॉक के अंतर्गत खांडौली पंचायत के मजरा खेरे वालों का पुरा में गुरूवार को शिक्षक-पालक चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें बीआरसी जौरा राजीव जादौन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**खांडौली पंचायत के खेरे वालों के पुरा में शिक्षक-पालक चौपाल आयोजित**



कार्यक्रम की अध्यक्षता मप्र शिक्षक संघ के अध्यक्ष पवन सिंह परिहार ने की।

चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित पालकों से बीआरसी राजीव जादौन ने कहा कि विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए पालकों को अपनी भूमिका का निर्वहन करना होगा। वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। जिन बच्चों का अब तक स्कूल में प्रवेश नहीं कराया है, उनका शीघ्र प्रवेश कराएं। चौपाल कार्यक्रम में मप्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन सिंह परिहार ने पालकों को शासन द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए संचालित छात्रवृत्ति, नि:शुल्क साईकिल और पाठ्यपुस्तक वितरण योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। चौपाल कार्यक्रम में शिक्षक निर्मल कुमार जैन सहित बड़ी संख्या में पालकगण और शिक्षक उपस्थित थे।